

स्पष्टता होनी चाहिये चयनकर्ताओं और इन खिलाड़ियों के बीच अच्छा संवाद होना चाहिये। अगर चयनकर्ताओं ने इन लोगों से आगे देखने का फैसला किया है तो ठीक है। मुझे लगता है कि बहुत सारे देशों ने ऐसा किया है। - गौतम गंभीर

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर, श्रीलंका के विरुद्ध टी-20 श्रृंखला में कोहली, राहुल और रोहित को शामिल नहीं करने पर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **निक किर्गियोस**



**ऑस्ट्रेलिया** के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी और विम्बल्डन 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस ने खुलासा किया है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए यूनाइटेड कप के पहले सीजन से अपना नाम वापस लिया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने किर्गियोस के हवाले से कहा, लोग साल की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में से एक का हिस्सा बनने के दबाव और घबराहट को कम आंकते हैं। इसमें एक चोट जोड़ दीजिये। यह जानना कि आपने खुद को सबसे अच्छा मौका नहीं दिया, आपके ऊपर दबाव के पहाड़ को और बढ़ा देता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी 1971 को एलन शेफर्ड नाम के अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# ओडीआई वर्ल्ड कप के लिए 20 प्लेयर्स शॉर्टलिस्ट

## रिव्यू मीटिंग में द्रविड़-रोहित और चेतन शर्मा से -20 हार पर हुए सवाल

नई दिल्ली 1 जनवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल के पहले दिन मुंबई में मीटिंग की। इसमें हेड कोच रोहित शर्मा, राहुल द्रविड, चीफ वीवीएस लक्ष्मण, प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी, सेक्रेटरी जय शाह और पूर्व चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा शामिल हुए। मीटिंग में एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप में हार की वजहों पर मंथन किया गया। साथ ही 2023 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 20 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट भी किया गया। रिव्यू मीटिंग के 3 पॉइंट्स रखे इमर्जिंग प्लेयर्स को टीम इंडिया का हिस्सा बनने के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना जरूरी होगा।

टीम इंडिया में सिलेक्शन के लिए यो-यो टेस्ट और डेक्सा (बोन स्कैन टेस्ट) जरूरी होंगे। इन्हें पास करने के बाद ही प्लेयर्स टीम इंडिया का हिस्सा बन सकेंगे। इसके अलावा वनडे वर्ल्ड कप, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और टीम इंडिया के फ्यूचर टूर प्रोठााम को ध्यान में रखते हुए सभी फ्रेंचाइजी के साथ प्लेयर्स के वर्कलोड मैनेजमेंट को मॉनिटर करेगी।

**20 प्लेयर्स ही ट्राय करेंगे:**-न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए जिन 20 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया है। उन्हें ही वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया में ट्राय किया जाएगा। इनमें से ही वर्ल्ड कप के 15 मेंबर्स का स्क्वॉड तैयार किया जाएगा। वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया 5 सीरीज खेलेगी। सभी में 3-3 मैच होंगे। 50 ओवर का एशिया कप भी खेला जाएगा।

20 प्लेयर्स के पास खुद को साबित करने के लिए 15 से ज्यादा वनडे मैच रहेंगे। इस बार का वनडे वर्ल्ड कप पूरी तरह से भारत में खेला जाएगा। इसका आयोजन अक्टूबर-नवंबर के बीच होगा। हालांकि



शॉर्टलिस्ट किए गए 20 प्लेयर्स के नाम अब तक जारी नहीं किए गए हैं।

**4 घंटे तक हुई मीटिंग:**-रोहित शर्मा, राहुल द्रविड, नेशनल क्रिकेट एकेडमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण और टीम इंडिया के पूर्व सिलेक्टर चेतन शर्मा के साथ मुंबई में हुई मीटिंग करीब 4 घंटे तक चली। 2023 में टीम इंडिया के टारगेट पर भी ब्रेनस्टॉर्मिंग की गई। 2023 में भारत को वनडे वर्ल्ड कप खेलना है। साथ ही इस साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी होना है। अगर भारत फरवरी-मार्च के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 टेस्ट की सीरीज जीत लेता है तो टीम लगातार दूसरी बार का फाइनल खेल सकती है। पिछली बार भी हम फाइनल खेले थे, लेकिन वहां हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी।

**इंटरनेशनल क्रिकेट को प्राथमिकता:**-प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग अटैंड की। मीटिंग में तय हुआ कि टीम इंडिया आने वाले दिनों में इंटरनेशनल क्रिकेट और बाइलैट्रल सीरीज को तवज्जो दी जाएगी। के सूत्रों ने बताया कि इस दौरान इंडियन प्रीमियर लीग पर भी ध्यान दिया जाएगा।

**में प्लेयर्स पर नजर रखेगा:**-मीटिंग में तय हुआ कि नेशनल क्रिकेट एकेडमी फ्रेंचाइजी के साथ मिलकर भारतीय खिलाड़ियों के खेल और फिटनेस को मॉनिटर करेगी। खिलाडियों के वर्कलोड मैनेजमेंट को भी मॉनिटर करेगी। जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की फिटनेस को लेकर अकसर सवालिया निशान लगते रहे हैं।

**फिटनेस पर सख्ती बरतेंगे:**-मीटिंग में एक बार फिर यो-यो टेस्ट को ही फिटनेस टेस्ट का पैमाना बताया गया ने डिसाइड किया कि खिलाडियों की फिटनेस बहुत जरूरी है। टीम इंडिया का हिस्सा बनने के लिए उन्हें डेक्सा स्कैन और यो-यो टेस्ट पास करना भी जरूरी है। डेक्सा हड्डियों का स्कैन टेस्ट होता है और यो-यो टेस्ट में खिलाडियों को 20-20 मीटर के स्प्रिंट लगाने होते हैं।

# कोहली ने दुबई में मनाया न्यू ईयर



नई दिल्ली 1 जनवरी। नए साल का आनंद लेने के लिए टीम इंडिया के स्टार्स भी पीछे नहीं रहे। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली फैमिली के साथ दुबई में रहे और उन्होंने वहीं न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। रोहित शर्मा पत्नी के साथ मालदीव में मौजूद हैं। उन्होंने नया साल वहां के खूबसूरत माहौल में मनाया।

पिछले हफ्ते श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज की कप्तानी हासिल करने वाले हार्दिक पंड्या भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने नया साल सेलिब्रेट किया और इसके फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए। लोकेश राहुल एक्ट्रेस अथिया शेट्टी के साथ नजर आए।

इस स्टोरी में जानते हैं टीम इंडिया के प्लेयर्स ने किस तरह न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। साक्षी ने पोस्ट किया आतिशबाजी से भरा वीडियो धोनी ने दुबई के द पाम होटल में नए साल का जश्न मनाया। पत्नी साक्षी ने रविवार सुबह ए स्काई फुल स्टार्स लिखते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें धोनी बेटी जीवा को गोद में लिए रात के आसमान में आतिशबाजी का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं।

टी-20 से ब्रेक पर चल रहे विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ फोटो शेयर कर नए साल की शुभकामनाएं दीं। अनुष्का ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर विराट के साथ एक तस्वीर शेयर की। विराट के साथ दुबई में उनके भाई-बहन भी है। कोहली श्रीलंका के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। वो 3 मैचों की वनडे सीरीज के जरिए क्रिकेट मैदान पर वापसी करेंगे। श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने पत्नी नताशा स्टेनकोविक के साथ फोटो शेयर का शुभकामनाएं दी। यह फोटो किसी होटल में पार्टी से पहले का है।

भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल और सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी एक साथ दिखे। रविवार को केएल राहुल ने आथिया के साथ 31 दिसंबर की पार्टी का फोटो शेयर किया। वहीं आथिया ने भी इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ स्टोरी शेयर की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 2023 में दोनों साथ फेरे भी ले सकते है। सूर्यकुमार यादव 2023 के पहले दिन पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर सूर्यकुमार यादव साल के पहले दिन रविवार को सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने स्टोरी अपलोड की। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव को उप-कप्तान बनाया गया है। वो इस साल वनडे टीम में भी दिखेंगे।

# घायल पंत का विकल्प खोज रहा बोर्ड

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाएंगे, घुटने-टखने और कलाई की चोट बनी वजह

नई दिल्ली 1 जनवरी। कार एक्सीडेंट में घायल विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज में नहीं खेल सकेंगे। फरवरी में होने वाली इस सीरीज के लिए टीम सिलेक्शन कमेटी को पंत का विकल्प खोजना होगा। फिलहाल जो नाम रेस में आगे माने जा रहे हैं, वे हैं केएस भरत, संजू सैमसन, ईशान किशन और उपेंद्र कुमार। पंत की फिटनेस को लेकर स्पोर्ट्स मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. रजत जांगिड़ ने शनिवार को कहा कि पंत की रिकवरी में एक साल भी लग सकता है। उन्होंने कहा, "अगर हड्डी की चोट होती तो रिकवर करने में 2-3 महीने और लिगामेंट फटने पर ठीक होने में 6 से 9 महीने लग जाते हैं। कार एक्सीडेंट में ज्यादातर एक या कई लिगामेंट टूटते हैं। इन्हें ठीक होने में कभी-कभी साल भर भी लग जाता है।"

**पंत का विकल्प बन सकते हैं चार खिलाडी :**-मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिलेक्शन कमेटी के पास संजू सैमसन, ईशान किशान और केएस भरत और उपेंद्र कुमार विकल्प के तौर पर मौजूद हैं। भरत और उपेंद्र कुमार भारत ए टीम के सदस्य हैं। ईशान किशन और संजू सैमसन भारत के लिए वनडे और टी-20 में डेब्यू कर चुके हैं। नीचे संभावित दावेदारों के प्रदर्शन का ब्यौरा देख सकते हैं।

संजू सैमसन ने 11 वनडे मैचों में 66.0 की औसत से 315 रन बनाए हैं। जबकि 16 टी-20 मैचों में उन्होंने 21.14 की औसत से रन बनाए हैं।

ईशान किशन ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच में डबल सेंचुरी मारी थी। उन्होंने 10 वनडे मैचों में 53 की औसत से 426 रन बनाए हैं। वहीं 21 टी-20 मैचों में उनका रन रेट 29.45 है। केएस भरत और उपेंद्र कुमार को टेस्ट स्पेशलिस्ट माना जाता है। हालांकि, दोनों अभी डेब्यू नहीं कर पाए हैं। भरत ने 84 फर्स्ट क्लास मैचों में 37.46 की औसत से 4533 रन बनाए हैं। वहीं उपेंद्र कुमार यादव ने 32 फर्स्ट क्लास मैचों में 44.83 की औसत से 1390 रन बनाए हैं।

**शुक्रवार को पंत के चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी हुई:**-पंत का इलाज कर रहे देहरादून के मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत खतरे



से बाहर है। शुक्रवार को उनके चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी हुई। वहीं ब्रेन और स्पाइन रिपोर्ट नॉर्मल आई है। घुटने और टखने में दर्द और सूजन के चलते इन अंगों की रविवार को होगी।

**दिल्ली से रुडकी जाते समय हुआ था एक्सीडेंट:**-पंत का गुरुवार को दिल्ली से अपने घर रुडकी जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। वह खुद अपनी मर्सिडीज ड्राइव कर रहे थे। इस दुर्घटना में वे बाल-बाल बचे। उन्हें 5 जगह चोटें आई हैं। इनमें माथा, दाहिने हाथ की कलाई, दाहिने पैर का घुटना, टखना और अंगूठा शामिल हैं। घुटने, टखने और कलाई की चोट अहम हैं, क्योंकि इन जगहों का इस्तेमाल विकेट कीपिंग के लिए अहम है।

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होनी है सीरीज:**-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू होने वाले 4 टेस्ट मैचों की सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने की दृष्टि से टीम इंडिया के लिए काफी महत्वपूर्ण है। टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में अभी दूसरे नंबर पर है। जबकि ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर है।

ऑस्ट्रेलिया का फाइनल में जगह बनाना लगभग तय है। वहीं साउथ अफ्रीका अभी चौथे नंबर पर है।

अगर ऑस्ट्रेलिया अपने घर में खेले जा रहे तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में साउथ अफ्रीका को हरा देता है, तो भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ घरेलू सीरीज को ड्रॉ कराना जरूरी होगा। अगर वह ऐसा नहीं कर पाता है, तो उसे अन्य देशों के टेस्ट सीरीज के रिजल्ट पर निर्भर रहना पडेगा।

# 'भारत में अभ्यास मैच की जरूरत नहीं, खिलाड़ियों के पास पर्याप्त अनुभव'

सिडनी, 1 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड का मानना है कि उन्हें भारत में होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच की जरूरत नहीं है और उनकी टीम के कई खिलाड़ियों के पास इस देश में खेलने का पर्याप्त अनुभव है।

सिडनी हेराल्ड ने रविवार को मैकडॉनल्ड के हवाले से कहा, "अभ्यास मैच न खेलना कुछ ऐसा है जो हमने पिछले कुछ विदेशी दौरों पर किया है। हमें लगता है कि हमें इसकी कोई खास जरूरत नहीं है। हम अपने पहले मैच से करीब एक हफ्ता पूर्व भारत पहुंचेंगे। हम तैयारी में बहुत ज्यादा समय नहीं देना चाहते थे।"

उन्होंने कहा, "हम कुछ परिदृश्यों के अनुसार प्रशिक्षण करने के लिये भारत में एक मध्य पिच पसंद करेंगे। हमें लगता है कि इस अनुभवी टीम के साथ जो पहले भी वहां जा चुके हैं, उन्हें परिस्थितियों के अनुकूल होने में अधिक समय नहीं लगेगा।"

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से पहले चार मैचों की टेस्ट शृंखला खेलने के लिये भारत आना है। सीरीज का पहला टेस्ट नौ फरवरी से नागपुर में खेला जायेगा, जिसके लिये ऑस्ट्रेलिया करीब एक हफ्ता पहले यहां पहुंचेगी। कंगारू जब पिछली बार भारत आये थे तब उन्हें विराट कोहली की टीम ने 2-1 से मात दी थी। साल 2017 में खेली गयी उस सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया ने दुबई में 10 दिनों तक विशेष पिच पर अभ्यास किया था। इस बार ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे से पहले सिडनी में तीन दिवसीय शिविर की योजना बनायी है। मैकडॉनल्ड ने कहा, "हमें लगता है कि तैयारी के लिये और पूरी चार टेस्ट मैचों की शृंखला के दौरान ताजगी बनाये रखने के लिये सात दिन का समय पर्याप्त है। हमने पाकिस्तान (2022) जाने से पहले भी यह योजना अपनायी थी जिसमें हमें सफलता मिली। हमने वहां मैदान पर कम समय बिताया।" ऑस्ट्रेलिया ने मार्च 2022 में पाकिस्तान का दौरा कर दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-0 से जीती थी।

इस सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न में विशेष पिच तैयार करके अभ्यास किया था। उन्होंने कहा, हम अपनी परिस्थितियों में रचनात्मकता के साथ काम कर सकते हैं। हमने पाकिस्तान दौरे से पहले भी मेलबर्न में ऐसा किया था।

स्थानीय मैदानों की देखरेख करने वालों के साथ काम करके वांछित परिणाम हासिल किये जा सकते हैं। हमें लगता है कि हम अभ्यास मैच के बिना भी उसके (भारतीय परिस्थितियों) करीब पहुंच सकते हैं।" ऑस्ट्रेलिया ने भारत में आखिरी बार टेस्ट सीरीज 2004-05 में एडम गिलक्रिस्ट की कप्तानी में जीती थी, जबकि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में पिछली दो टेस्ट शृंखलाओं में हराया है। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिये फरवरी और मार्च में होने वाली यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतनी होगी।

# भारत में टेस्ट खेलने की इच्छा रही है : एगार

सिडनी, 1 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के लेग-स्पिन गेंदबाज ऐश्टन एगार ने फरवरी में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने की मंशा जाहिर की है। सिडनी हेराल्ड अखबार ने रविवार को यह जानकारी दी।

सिडनी हेराल्ड ने एगार के हवाले से कहा, "यह (भारत दौरा) मेरे दिमाग में है। मुझे वहां टेस्ट मैच देखना पसंद है, और शायद मुझे हमेशा से भारत में टेस्ट मैच खेलने की इच्छा रही है।" एगार को यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउण्ड पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार जनवरी से होने वाले तीसरे टेस्ट के लिये चयनित 14-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। नेथन लायन की उपस्थिति में एगार का यह मैच खेलना फिलहाल सुनिश्चित नहीं है, लेकिन वह भारत में होने वाली शृंखला के लिये उत्साहित हैं जहां ऑस्ट्रेलिया को कम से कम दो स्पिन गेंदबाजों की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा, "टेस्ट क्रिकेट को टीवी पर देखना बहुत रोमांचक रहा है क्योंकि हाल के दिनों में पिचें कमाल की रही हैं। (पिच पर) गेंद तिरछी स्पिन हो रही है, और मुझे लगता है कि वे वहां भी थोडा बहुत घूमेगी। यह एक ऐसा दौरा है जिस पर मुझे जाना अच्छा लगेगा, लेकिन हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या होता है।" एगार ने अपने करियर में सिर्फ चार टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से दो मैच उन्होंने बंगलादेश में खेले थे, जहां एगार ने 23 की औसत से सात सफलताएं हासिल की थीं।

# द्रविड की बीसीसीआई सचिव से मुलाकात

मुंबई, 1 जनवरी। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मिलकर टीम की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

क्रिकबज़ ने इसकी सूचना देते हुए कहा कि यहां होने वाली बैठक में पूर्व चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा को भी आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में भारत में इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 पर चर्चा होने की संभावना है। बीसीसीआई के अध्यक्ष और 1983 में विश्व कप जीतने वाली टीम के खिलाडी रॉजर बिन्नी विदेश में होने के कारण बैठक में उपस्थित नहीं होंगे, हालांकि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इसमें जुड सकते हैं। बैठक में भारतीय टीम के हालिया प्रदर्शन पर भी चर्चा हो सकती है।

# गौरव को रजत पदक

नई दिल्ली 1 जनवरी। हाल ही में आयोजित राजश्री भर्तृहरि मत्स्य



विश्विद्यालय के तत्वाधान में अन्तरमहाविद्यलय शूटिंग राइफल प्रतियोगिता 2022-2023 में प्रतिभागी गौरव पारीक ने रजत पदक हासिल कर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन किया व ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जो कि फरीदाबाद में आयोजित होगी पारीक ने अपनी सफलता का श्रेय जयपुर स्थित दी लिजेंड शूटिंग रेंज के कोच गजेंद्र सिंह राणावत को दिया।

# अमेरिका में गिर रही बेसबॉल की लोकप्रियता

नई दिल्ली (एजेन्सी)। अमेरिका में पिछले कई सालों से कोशिश की जा रही है कि देश में क्रिकेट को बेहतर किया जाए। इसके लिए कई प्रयास भी किए गए, लेकिन अमेरिका में जहां बेसबॉल को बेहतर माना जाता रहा है। वहां अचानक से क्रिकेट को प्राथमिकता क्यों दी जा रही है? दरअसल, अमेरिका में कई दशकों से बेसबॉल की लोकप्रियता में कमी दर्ज की जा रही है। गैलप के अनुसार, 2017 में केवल 9 प्रतिशत अमेरिकी ने बेसबॉल को पसंदीदा खेल बताया था। जबकि, 1937 में 34 प्रतिशत अमेरिकी बेसबॉल को पसंद करते थे। केवल 7प्रतिशत युवा आबादी बेसबॉल को अपना पसंदीदा खेल मानती है। 2019 से 2021 के बीच मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) की दर्शक संख्या में 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

बेसबॉल में घटती रुचि की सबसे बडी वजह बेसबॉल का समय बढ़ना है। 1937 में बेसबॉल मैच 2 घंटे में खत्म हो जाता था। अब एक गेम खत्म होने में औसतन 3 घंटे का समय लगता है। पिचर और बैटर मैच के दौरान काफी समय जाया करते हैं। दूसरी ओर, क्रिकेट में पांच दिन के खेल के साथ 3 घंटों का खेल भी होता है। अमेरिका में क्रिकेट की बढती लोकप्रियता का कारण अमेरिका में भारतीयों और अन्य क्रिकेट खेलने वाले देशों के लोगों की आबादी का बढना भी है। अमेरिका में 46 लाख भारतीय रहते हैं। 10 लाख अन्य लोग क्रिकेट प्रेमी देशों से आते हैं। साथ ही, यहां भारतीय आबादी समृद्ध भी है, जो क्रिकेट में निवेश भी कर रही है। 2022 में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेलों की




सूची में क्रिकेट दूसरे नंबर पर है। आंकडों के अनुसार, क्रिकेट को दुनियाभर में 250 करोड दर्शक देखते हैं। वहीं, बेसबॉल इस सूची में 8वें स्थान पर है। बेसबॉल की दर्शक संख्या 50 करोड है, जो क्रिकेट की दर्शक संख्या का केवल 20 प्रतिशत है।

अमेरिका में भारतीय मूल के टेक्नोलॉजी दिग्गज और बिजनेसमैन क्रिकेट में पैसा लगा रहे हैं। इनमें माइक्रोसॉफ्ट और एडोब के सीईओ भी शामिल हैं। जुलाई 2023 में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में छह टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे। लीग की शुरुआत पर 364 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बाद में 625 करोड़ रुपए और लगाए जाएंगे। एमएलसी अमेरिका में युवाओं को ट्रेनिंग देगी। अमेरिका में लाखों भारतीयों सहित दक्षिण एशियाई और वेस्टइंडियन मूल के लोगों की वजह से लीग को कामयाबी मिलने की उम्मीद है। लीग का पहला सीजन 13 जुलाई से 30 जुलाई 2023 तक होगा।

यूएसए क्रिकेट के अनुसार, अमेरिका में दो लाख लोग 400 स्थानीय लीग में क्रिकेट खेलते हैं। अमेरिका की पुरुष, महिला और अंडर 19 टीमों के अधिकतर खिलाडी द. एशियाई और वेस्ट इंडियन मूल के हैं। एमएलसी का अनुमान है कि लीग को घरेलू टेलीविजन और स्ट्रीमिंग में 50 लाख से अधिक दर्शक मिलेंगे। उम्मीद है कि भारतीय दर्शक भी इससे जुडेंगे।

कोलकाता, अबु धाबी और त्रिनिदाद-टोबेगो नाइट राइडर्स टीमों के सीईओ वेंकी मैसूर का कहना है कि जब त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलती है, तब लाखों भारतीय उसके मैच देखते हैं। अब नाइट राइडर्स की चौथी टीम लॉस एंजिलिस होगी। एमएलसी छह मेजर लीग टीमों तक सीमित नहीं रहेगी। उसमें 26 टीमों की माइनर लीग क्रिकेट भी शामिल है। एमएलसी युवाओं को ट्रेनिंग देने और स्कूलों में क्रिकेट को आगे बढाने के लिए अकादमियों में पैसा लगा रही है।